किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं। संपर्क करें: 7018631199



www.himalayanupdate.com 7018631199 साप्ताहिक समाचार पत्र Postal Regd no: HP/128/SML/ 2023-25


आपकी आवाज़

# हिमालयन अपडेट


अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।
himalayanupdate@gmail.com

RNI-HPHIN/2017/73579

7018631199 सोमवार 17 जून से 23 जून 2024 वर्ष: 08 अंक: 11 पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रू. शिमला से प्रकाशित himalayanupdate@gmail.com


# फिर सवालों के घेरे में ईवीएम

## एलन मस्क के बाद राहुल गांधी का भी आया ईवीएम पर बयान, बोले- चुनावी पारदर्शिता पर उठ रहे गंभीर सवाल







**हिमालयन अपडेट**
**नई दिल्ली/** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर फिर बहस छिड़ गई है। दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन इलॉन मस्क ने 15 जून को लिखा- ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। इसे इंसानों या एआई द्वारा हैक किए जाने का खतरा है। हालांकि ये खतरा कम है, फिर भी बहुत ज्यादा है। अमेरिका में इससे वोटिंग नहीं करवानी चाहिए। इस पर भाजपा नेता और पूर्व आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा- मस्क के मुताबिक, कोई भी सुरक्षित डिजिटल हार्डवेयर नहीं बना सकता, ये गलत है। उनका बयान अमेरिका और अन्य स्थानों पर लागू हो सकता है - जहां वे इंटरनेट से जुड़ी वोटिंग मशीन बनाने के लिए नियमित कंप्यूटर प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हैं। भारतीय ईवीएम सुरक्षित हैं और किसी भी नेटवर्क या मीडिया से अलग हैं। कोई कनेक्टिविटी नहीं, कोई ब्लूटूथ, वाईफाई, इंटरनेट नहीं। यानी कोई रास्ता नहीं है। फैक्ट्री प्रोग्राम्ड कंट्रोलर जिन्हें दोबारा प्रोग्राम नहीं किया जा सकता। ईवीएम को ठीक उसी तरह डिजाइन किया जा सकता है, जैसा कि भारत ने किया है। भारत में इसे हैक करना संभव नहीं है। इलॉन, हमें ट्यूटोरियल (सिखाने वाला संस्थान) चलाकर खुशी होगी। वहीं, राहुल गांधी ने मस्क की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कहा- भारत में ईवीएम ब्लैक बॉक्स की तरह है। किसी को भी इसकी जांच की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है।

### ईवीएम अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता: चुनाव आयोग

**राहुल गांधी ने** मस्क की पोस्ट में खबर के साथ रीपोस्ट किया। इसमें मुंबई की घटना का जिक्र है। दरअसल, मुंबई उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से एनडीए और शिवसेना (शिंदे) प्रत्याशी रविंद्र वायकर के साले मंगेश पंडिलकर 4 जून को पाबंदी के बावजूद एक चुनाव अधिकारी का मोबाइल लेकर गोरेगांव के काउंटिंग सेंटर के अंदर गए थे। सूत्रों के मुताबिक, चुनाव आयोग के एक अधिकारी के पास मोबाइल फोन था, जिससे मतगणना के दौरान ओटीपी जनरेट होता है। इससे ईवीएम अनलॉक किया जा सकता है। इस फोन का इस्तेमाल सांसद के रिश्तेदार पंडिलकर कर रहे




थे। पुलिस को संदेह है कि फोन का इस्तेमाल सुबह से शाम 4.30 बजे तक किया गया, जब काउंटिंग के दौरान कांटे की टक्कर चल रही थी। आखिरकार, वायकर शिवसेना उद्धव गुट के अमोल कीर्तिकर से सिर्फ 48 वोट के अंतर से जीते। 2024 लोकसभा चुनाव में यह जीत का सबसे छोटा अंतर है। मुंबई पुलिस ने कई नेताओं और चुनाव आयोग की शिकायतों के बाद 15 जून को मंगेश पंडिलकर और एक चुनाव अधिकारी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने कहा- ईवीएम अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता:** ईवीएम की फोन से हैकिंग के विपक्ष के आरोपों पर महाराष्ट्र चुनाव आयोग ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। रिटर्निंग ऑफिसर वंदना सूर्यवंशी ने अखबार में छपी खबर को लेकर कहा- ईवीएम को अनलॉक करने के लिए कोई ओटीपी नहीं लगता। ईवीएम किसी डिवाइस से कनेक्ट नहीं रहती। यह स्टैंड अलोन यानी खुद से चलने वाला सिस्टम है। अखबार में छपी खबर पूरी तरह से गलत है। हमनें उन्हें नोटिस भेजा है। मानहानि का भी केस दर्ज किया गया है।

### विपक्ष ने उठाए सवाल, बैलेट पेपर से चुनाव की मांग

**राहुल के** बाद सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा- टेक्नोलॉजी समस्याओं को दूर करने के लिए होती है, अगर वही मुश्किलों की वजह बन जाए, तो उसका इस्तेमाल बंद कर देना चाहिए।

**इलॉन मस्क की पोस्ट**

मस्क ने यह बात अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर की एक पोस्ट को रीपोस्ट करके कही। कैनेडी जूनियर ने प्यूर्टो रिको के चुनावों में ईवीएम से जुड़ी अनियमितताओं के बारे में बताया था और पेपर बैलेट पर लौटने की बात कही थी। अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव होंगे।

**रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर बोले- पेपर बैलेट पर लौटना होगा**

अमेरिका के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर ने पोस्ट में लिखा था- प्यूर्टो रिको के प्राइमरी इलेक्शन में ईवीएम से वोटिंग के दौरान कई अनियमितताएं सामने आई थीं। सौभाग्य से यह एक पेपर ट्रेल था, इसलिए समस्या की पहचान की गई और वोटों की गिनती को सही किया गया। सोचिए उन क्षेत्रों में क्या होता होगा, जहां कोई पेपर ट्रेल नहीं है?' अमेरिकी नागरिकों के लिए यह जानना आवश्यक है कि उनके प्रत्येक वोट की गणना की गई है।

## जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी: शाह

**हिमालयन अपडेट**
**नई दिल्ली/**केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा परिदृश्य पर नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इसकी अध्यक्षता कर रहे केन्द्रीय गृह मंत्री ने एजेंसियों को जम्मू में एरिया डॉमिनेशन प्लान और जीरो टेरर प्लान के माध्यम से कश्मीर घाटी में हासिल की गई सफलताओं को दोहराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराते हुए कहा, जम्मू और कश्मीर से आतंकवाद के सफाये के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा



कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई निर्णायक दौर में है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुई घटनाएं बताती हैं कि आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर छद्म लड़ाई तक सीमित होने के लिए मजबूर हो गया है, लेकिन हम इसको भी जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार इनोवेटिव तरीकों से आतंकियों पर कार्रवाई कर एक मिसाल बनाने के लिए कटिबद्ध है।

उन्होंने सभी एजेंसियों को मिशन मोड में काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर बल दिया। केन्द्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय पर जोर देते हुए संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान और उनकी सुरक्षा चिंताओं पर ध्यान देने पर जोर दिया।

उन्होंने स्थानीय खुफिया नेटवर्क को मजबूत करने, सुरंगों का पता लगाने और ड्रोन का मुकाबला करने के लिए आधुनिक तकनीक अपनाने पर जोर दिया।

## भारत ने यूक्रेन शांति सम्मेलन के घोषणापत्र से स्वयं को अलग रखा

**हिमालयन अपडेट**
**नई दिल्ली/**भारत ने स्विट्जरलैंड में आयोजित यूक्रेन शांति सम्मेलन में जारी संयुक्त वक्तव्य और संबंधित दस्तावेजों पर हस्ताक्षकर करने से इनकार कर दिया तथा यूक्रेन के संबंध में कूटनीति और संवाद के जरिए संघर्ष का समाधान तलाशने की अपनी पुरानी नीति को कायम रखा है। सम्मेलन के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का हवाला देते हुए युक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता पर जोर दिया गया था। इसमें रूस से सभी क्षेत्रों से सेना को वापस बुलाने की मांग शामिल थी। जिसका करीब 80 देशों ने समर्थन किया। भारत, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका सहित ग्लोबल साउथ के 12 देशों ने संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर नहीं किए।



सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ राजनयिक पवन कपूर ने भारत का दृष्टिकोण प्रगट करते हुए कहा कि हमारा मानना है कि यूक्रेन संघर्ष के दो पक्षों (रूस, यूक्रेन) को स्वीकार्य हल के जरिए ही समस्या का समाधान संभव है।

उल्लेखनीय है कि इस सम्मेलन में रूस को आमंत्रित नहीं किया गया था।

## हवाई युद्ध अभ्यास 'रेड फ्लैग' में भारतीय वायु सेना ने 100 से अधिक उड़ानें भरीं

**हिमालयन अपडेट**
**नई दिल्ली/** भारतीय वायु सेना ने सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, जर्मनी और अमेरिका की वायु सेनाओं के साथ एयर फोर्स बेस, अलास्का में हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास रेड फ्लैग में हिस्सा लिया है। यह अभ्यास का दूसरा संस्करण था, जिसे अमेरिकी वायु सेना वर्ष में चार बार आयोजित करती है। चुनौतीपूर्ण मौसम और लगभग शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारतीय वायु सेना ने पूरे अभ्यास के दौरान 100 से अधिक



उड़ानें भरकर सभी निर्धारित मिशन पूरे किए। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी को 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी। संयुक्त राज्य वायु सेना के एयरबेस एइलसन में 04 से 14 जून तक आयोजित इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के साथ-साथ रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर एयर फोर्स, यूनाइटेड किंगडम की रॉयल एयर फोर्स, रॉयल नीदरलैंड एयर फोर्स, जर्मन लूफ़्टवाफे. और यूएस एयर फोर्स ने भाग लिया।

भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया, जिसमें एयर क्रू, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे। भारत की यह टुकड़ी 29 मई को अलास्का में यूएसएएफ बेस, एइलसन पर उतरी थी।

हिमालयन अपडेट
himalayanupdate@gmail.com

# 391.99 हेक्टेयर क्षेत्रफल भूमि होगी सिंचाई योग्य

## जाईका के अंतर्गत गोहर विकासखंड में 18 परियोजनाओं के अंतर्गत किया जा रहा कार्य

**हिमालयन अपडेट**

**गोहरः हिमाचल प्रदेश** फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के दूसरे चरण में परियोजना के उप परियोजना निदेशक डॉ रविंद्र सिंह चौहान व बलजीत सिंह संधू वरिष्ठ सलाहकार खंड परियोजना प्रबंधक इकाई गोहर में चल रही सब मॉडल परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि जिला परियोजना प्रबंधन इकाई मंडी में चार खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई अर्थात मंडी, गोहर, सरकाघाट और कुल्लू के तहत 86 साइटों पर काम किया जा रहा है, जिसमे से खण्ड परियोजना प्रबंधन इकाई गोहर के अंतर्गत 18 उप परियोजनाएं हैं और इसके अंतर्गत 391.99 हेक्टेयर क्षेत्रफ ल आता है। सबसे पहले उन्होंने मॉडल सब परियोजना गधिमण-मझोठी में बनी कुहल के कार्य की गुणवता को जांचा तथा कुहल के हेड वियर से लेकर अंतिम तक निरीक्षण किया व निरीक्षण के दौरान डा. रविंद्र चौहान ने खंड परियोजना प्रबंधक इकाई गोहर व ठेकेदार को निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्वक अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए द्य उप परियोजना का मेटिरियल एट साइट रजिस्टर तथा साइट ऑर्डर बुक रजिस्टर को भी मौके पर जांचा गया तथा जिला परियोजना प्रबंधक मंडी को निर्देश दिए की 15 दिनों के भीतर शेष बचे कार्य को पूरा करें ताकि किसानों को समय पर सिंचाई की सुविधा मिल सके और साथ मे किए गए कार्य की गुणवता की प्रशंसा की, इस मौके पर उपस्थित कृषि विकास संघ के प्रधान चेत राम व उनके सभी सदस्यों से विस्तार से चर्चा की गई जिसमे उन्होंने किसानों से आह्वान किया फ सल विविधिकरण को अपनाए तथा उन फसल को बेचने के लिए अन्य बाजार ढूढने की सलाह दी गई जिससे किसानों को फ सल का सही मूल्य मिल सके।



फसलों को आवारा जानवरों से बचाने के लिए बाड़बंदी तथा किसानों को जायका वेजिटेबल गार्डनए उत्पादन प्रबंधन और मूल्य प्राप्ति योजना तथा नकदी फसलों को उगाकर अपनी आर्थिकी को कैसे मजबूत किया जाए के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई जिसमे उन्होंने कहा की इस उप परियोजना को मॉडल उप परियोजना के रूप में विकसित किया जायेगा।

इस मॉडल सब परियोजना के अंतर्गत 14.91 हेक्टेयर रकबा सिंचित होगा, जिस पर कुल लागत 36 लाख रुपए खर्च किये जा रहे है।

# मित्रों को सरकार ने प्रदेश की बिगाड़ी कानून व्यवस्थाः सैजल

**हिमालयन अपडेट**

**सोलनः** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सेजल ने कहा की हिमाचल प्रदेश की मित्रों की सरकार में शांतिप्रिय प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से बिगाड़ दी है। हिमाचल प्रदेश में कानून व्यवस्था बिगडने से प्रदेश जी जनता में भय का वातावरण साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा की हिमाचल प्रदेश में सोलन जिले के औद्योगिक क्षेत्र बरोटीवाला के भटोलीकला में यूनिकेम चौक के पास खेत में एक प्रवासी युवक का शव खून से सना मिला। कांग्रेस की सरकार में आए दिन बड़ी संख्या में हत्याओं के मामले सामने आ रहे हैं यह हिमाचल प्रदेश की कानून व्यवस्था पर प्रहार है। इस घटना में युवक का शव मिलने की खबर मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई, भय का वातावरण खड़ा हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक यूपी के बांदा जिले का रहने वाला था। खेत में पड़ा मिला युवक का शवए जानकारी अनुसार बरोटीवाला के भटोलीकला में यूपी के बांदा जिले का राजानाती अपने भाई कमलेश के साथ रहता था।

# देव सदन कुल्लू में संपन्न हुई जिला भाजपा की समीक्षा बैठक

## पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने ली समीक्षा बैठक

**हिमालयन अपडेट**

**कुल्लू :** देव सदन कुल्लू में जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल की अध्यक्षता में लोकसभा चुनावों के उपरान्त पार्टी द्वारा किए गए कार्यों को लेकर जिला भाजपा कुल्लू की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। समीक्षा बैठक पूर्व मंत्री एवं मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी गोविंद ठाकुर द्वारा ली गई। बैठक में हर विषय पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक मई में उपस्थित पदाधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बहुमूल्य सुझाव दिए। सभी सुझावों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत की जीत को सभी




कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम बताया इस संसदीय क्षेत्र के चुनाव में कुल्लूएमनाली सहित बंजार विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को अच्छी बढ़त मिली है। बैठक में सभी कार्यकताओं को इस जीत के लिए बधाई दी। बैठक में केन्द्र में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एन डी ए सरकार बनने पर बधाई दी गई हिमाचल प्रदेश से भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को केन्द्र सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी। बैठक में नितिन गडकरी को लगातार तीसरी बार केंद्र सरकार में सडक परिवहन मंत्री बनने पर बधाई दी। भविष्य में संगठन को कैसे मजबूत किया जाए इस विषय पर भी समीक्षा बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। बैठक में बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, पूर्व विधायक महेश्वर सिंह, कुल्लू से 2022 के प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर, पूर्व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष धनेश्वरी ठाकुर, सहित आदि उपस्थित रहे।

# जंगल से बरामद हुए युवक-युवती की हुई शिनाख्त

**हिमालयन अपडेट**

**नाहनः जिला** मुख्यालय नाहन के समीप तालों भोला के जंगल से बरामद दोनों शवों की शिनाख्त कर ली गई है। दोनों जिला सिरमौर की पड़दूनी पंचायत के रहने वाले थे। ये दोनों ही नाबालिग थे। लडकी की गुमशुदगी की रिपोर्ट पुलिस थाना माजरा में 6 जून को दर्ज हुई थी। लडके की पहचान 16 वर्षीय निवासी माजरी और लडकी की शिनाख्त 15 वर्षीय निवासी मेहराड, पड़दूनी के तौर पर हुई है।



लडके के शव की उसकी माता और लडकी के शव की उसके मौसा ने पहचान की है। पुलिस के अनुसार लडकी की गुमशुदगी के बारे में पुलिस थाना माजरा में 6 जून को मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में पुलिस आगामी कार्रवाई में जुटी है। मेडिकल कालेज नाहन में दोनों शवों का पोस्टमार्टम करने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है। एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा ने इसकी पुष्टि की है।

# संगिनी ने चिया निमयाना स्कूल को कम्प्यूटर किया भेंट




**हिमालयन अपडेट**

**नाहनः रोटरी** क्लब नाहन संगिनी ने वोकेशनल स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के तहत राजकीय मिडल स्कूल चिया निमयाना के छात्रों के लिए एक कप्यूटर भेंट किया है। क्लब की अध्यक्ष डॉ. ममता जैन ने बताया कि स्कूल में छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं का अभाव है।

यहां के छात्रों को कम्प्यूटर शिक्षा की कोई जानकारी नही थी। इसलिए क्लब की तरफ से कंप्यूटर उपलब्ध कराया गया है।

# शीतला पुल के पास 11.58 ग्राम चिट्टे के साथ युवक दबोचा

**हिमालयन अपडेट**

**चम्बा :** पुलिस ने चम्बा बस स्टैंड के पास गश्त के दौरान एक युवक को 11.58 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा है। जानकारी के अनुसार डीएसपी प्रोबेशनर मयंक शर्मा की अगुवाई में पुलिस पार्टी शनिवार रात को गश्त पर थी। इस दौरान टीम जब देर रात को जब टीम शीतला पुल के नीचे मंदिर के सामने पहुंची तो वहां पर एक व्यक्ति पुल के नीचे सीढियों पर बैठा हुआ था। जैसे ही व्यक्ति ने पुलिस पार्टी को देखा तो एकदम खड़ा हो गया और दाहिनी जेब से एक काले रंग की पॉलिथीन की पुड़िया निकाल कर फैंक कर दी और कसाकड़ा मोहल्ले की तरफ भागने लगा। व्यक्ति की हरकतों को




देखते हुए पुलिस ने उसे कुछ ही दूरी पर काबू कर लिया। टीम ने जब लिफ ाफे की जांच की तो उसमें से 11.58 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पूछताछ पर उस व्यक्ति ने अपना नाम शौकत अली पुत्र मजीद मोहम्मद निवासी गांव व डाकघर जांघी तहसील व जिला चम्बा बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर थाना सदर चम्बा में मामला दर्ज लिया है। एसपी चम्बा अभिषेक यादव ने बताया कि चिट्टे के साथ पकड़े आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि इस मामले में जुड़े अन्य लोगों पर कार्रवाई की जा सके। बता दें कि जिला चम्बा पुलिस ने चिट्टे का कारोबार करने वाले तस्करों के खिलाफ छेड़े गए अभियान में बीते 2 दिनों में 3 तस्करों को चिट्टे के साथ पकडने में सफ लता हासिल कर चुकी है।

# आगजनी की घटना के नजारे देख रहे मुख्यमंत्री : बिंदल

**हिमालयन अपडेट**

**नाहनः हिमाचल** प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के जंगल आग से देख रहे हैं मगर प्रदेश के मुख्यमंत्री को की चिंता नहीं है और वह सिर्फ जंगल के जलने के नजारे देख रहे है। वहीं उन्होंने प्रदेश में बढ़ती पेयजल समस्या को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा है। जिला मुख्यालय नाहन में आयोजित भाजपा की समीक्षा बैठक के बाद डॉ राजीव बिंदल पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे इस बैठक में सांसद सुरेश कश्यप समेत कई बड़े भाजपा नेता मौजूद रहे। राजीव बिंदल ने आरोप लगाया कि प्रदेश की 2 महीने से राज्य के कोने .कोने में जंगल आग से दहक रहे जिससे वन संपदा को बड़ा नुकसान पहुंच रहा है मगर मुख्यमंत्री को इस बात की बिल्कुल भी चिंता नहीं है जो बेहद गंभीर विषय है । वहीं उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में बढ़ रही गर्मी के बीच लोग भयंकर पेयजल किल्लत से जूझ रहे हैं मगर सरकार को पेयजल समस्या को लेकर भी गंभीरता नहीं देखी जा रही है और जिन पेयजल योजनाओं में पूर्व सरकार के समय लोगों को पानी मिल रहा था उन पेयजल योजनाओ को ठप कर दिया गया।

वहीं राजीव बिंदल ने कहा प्रदेश में भाजपा के सभी 17 संघटनात्मक जिलों में लोकसभा चुनाव के बाद समीक्षा बैठकों का दौर चला हुआ है जिसमें चर्चा की जा रही है किस तरीके से पार्टी की चुनावी गतिविधियों को अंजाम दिया उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में कार्यकताओं की मेहनत से पार्टी को लोकसभा की चारों सीटें पर जीत मिली और प्रदेश की सरकार को जनता ने नकार दिया। राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश की जनता ने लोकसभा की चारों सीटें प्रधानमंत्री की झोली में डाली है जबकि चुनाव के समय हिमाचल में अधिकारियों कर्मचारियों को डराया धमकाया गया और सरकारी धन का खुलकर दुरुपयोग किया गया उसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी पर लोगों ने विश्वास जताया राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश की जनता त्रस्त है और सरकार मस्त है।प्रदेश की जनता ने सरकार से तंग आकर 61 विधानसभा क्षेत्र में सरकार को हरा दिया उसके बावजूद कांग्रेस के नेता इस बात को लेकर खुश नजर आ रहे हैं कि हमारी सरकार बच गई ।

# वन विभाग ने जमटा में पकड़ी लकड़ी से भरी पिकअप

**हिमालयन अपडेट**

**नाहनः** वन मंडल नाहन के अंतर्गत वन परिक्षेत्र जमटा में विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी से भरी पिकअप बरामद करने में सफ लता हासिल की है। विभाग की टीम ने सुबह सवेरे इस कार्रवाई को अंजाम दिया। विभाग ने लकड़ी से भरी पिकअप को कब्जे में लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में विभाग ने पुलिस थाना नाहन को एफ आईआर दर्ज करने के लिए लिखा है। जानकारी के मुताबिक सुबह सवेरे करीब ढाई बजे बर्मन बीट की टीम गश्त पर तैनात थी। इसी बीच जमटा-महीपुर सडक पर खरक गांव के समीप एक पिकअप जीप एचपी71ए-2954 को जांच के लिए रोका। छानबीन में दौरान जीप से चीडए खिरिक व चिंबुल प्रजाति के वृक्षों की लकडी बरामद हुई।



हिमालयन अपडेट
himalayanupdate@gmail.com

# कहां गई सुक्खू सरकार की स्टार्टअप योजना, आठ महीनों में कितने लोगों को मिला लाभ: जयराम ठाकुर

हिमालयन अपडेट

**शिमला:** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला से जारी प्रेस वक्तव्य में कहा कि सुक्खू सरकार की स्टार्टअप योजना का क्या हुआ? इस योजना का लाभ कब से प्रदेश के युवाओं को मिलना शुरू होगा। चुनाव के समय कांग्रेस ने गारंटी दी थी कि सरकार बनने पर हर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए 10 करोड़ के हिसाब से 680 करोड़ रुपए के स्टार्टअप फण्ड का प्रबंध करेगी। जिससे युवा अपने लिए रोजगार के साधन जुटाए और अन्य लोगों को रोजगार भी देंगे। कांग्रेस के कई नेताओं ने इसके लिए चुनाव से पूर्व ही युवाओं से फॉर्म भी भरवा लिए थे। चुनाव के एक साल तक सरकार इस फण्ड के नाम पर खामोश रही। गत नवंबर माह में सरकार ने इस योजना के प्रथम चरण की शुरूआत की विधिवत घोषणा की अखबारों में बड़े-बड़े इश्तेहार छपे, सडकों पर बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगे। सरकार ने इस योजना के तहत उत्पादन इकाई लगाने के बजाय, इलेक्ट्रिक व्हीकल की खरीद में सब्सिडी देने की बात की। हजारों की संख्या में प्रदेश के युवाओं ने आवेदन भी किया। लेकिन योजना की घोषणा हुए आठ महीनें का समय बीत गया लेकिन अभी तक एक भी युवा को इस योजना का लाभ नहीं मिला। एक



भी टैक्सी इस योजना के तहत अभी तक खरीदी नहीं जा सकी। जयराम ठाकुर ने कहा कि क्या इलेक्ट्रिक टैक्सी खरीदने में इतना समय लगता है। इस सरकार की मंशा ही नहीं है कि वह प्रदेश के लोगों का काम करे। यह स्टार्टअप के लिए आर्थिक सहायता का इंतजार कर रहे प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार ने भाजपा की सरकार द्वारा शुरू की स्वावलंबन योजना को भी बंद कर दिया। बंद करने के पहले स्वीकृत हुई योजनाओं का बजट भी नहीं जारी किया है। कुछ ऐसे भी युवा है जिन्हें कुछ किश्तें मिली है लेकिन बाकी की किश्तें नहीं दी जा रही हैं। ऐसे में युवाओं को सरकार ने जानबूझकर अधर में लटका दिया है। सरकार युवाओं को लाखों की संख्या में रोजगार देने का वादा करके सत्ता में आई थी लेकिन सरकार न खुद ही लोगों को रोजगार दे रही है न ही उद्यमशील युवाओं को लोगों को नौकरी देने दे रही है। पूर्व सरकार में स्वावलंबन योजना के तहत प्रदेश में कुल 721 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। सरकार की ओर से इस योजना के तहत 200 करोड़ रुपये की अनुदान राशि प्रदान की गई। इसमें कुल 4377 ईकाइयां मंजूर हुई। जिनसे 11 हजार 674 लोगों को रोजगार मिला। यदि इस योजना राजनीतिक द्वेष की वजह से बंद नहीं किया गया होता तो प्रदेश में रोजगार के हजारों साधन और राजस्व पैदा होता। लेकिन सुक्खू सरकार की अदूरर्शिता और बदले की भावना से काम करने की वजह से प्रदेश के युवाओं को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस समय मुख्यमंत्री सिर्फ और सिर्फ मित्रों के भले के लिए काम कर रहे हैं।

सिर्फ मित्रों के हितों की रक्षा करने के लिए काम कर रहे हैं। प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने की बजाय वह कैबिनेट रैंक देने और अपनी सरकार बचाने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि झूठे वादे बहुत हो गये, इधर-उधर की बातें बहुत हो गई। अब सरकार बने डेढ़ साल से ज्यादा का समय हो गया है। अब सुक्खू सरकार जल्दी से जल्दी स्टार्टअप फंड का बजट जारी करे।

## बौल में ढाबा कर्मी पर दराट से हमला

हिमालयन अपडेट

**ऊना: पुलिस** थाना बंगाणा के तहत बौल स्थित एक ढाबा कर्मी पर दराट से हमला हुआ है। हमले में लहूलुहान ढाबा कर्मी को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में भर्ती करवाया गया। वहीं पुलिस ने ढाबा संचालक की शिकायत पर मारपीट के आरोपी भतीजे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सुरजीत सिंह निवासी बौल ने बताया कि रविवार शाम को अपने ढाबे पर मौजूद था। इसी दौरान मेरा भतीजा मनमोहन सिंह ढाबा के पीछे आया, तो कामगार सरवण भी पीछे मौजूद था। इस दौरान मनमोहन व सरवण के बीच किसी बात को लेकर बहसबाजी शुरू हो गई। इसी दौरान सरवण ने गाली गलोच करते मारपीट शुरू कर दी।

## मझवाड़ की 40 महिलाओं ने किया सराज का भ्रमण

हिमालयन अपडेट

**मंडी: आजीविका** एवं उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत सदर खंड की मझवाड़ पंचायत से स्वयं सहायता समूहों की 40 महिलाओं ने सराज खंड का भ्रमण किया। नाबार्ड द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम को मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति द्वारा आयोजित किया गया। यह जानकारी देते हुए मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति की परियोजना समन्वयक रीना ठाकुर ने बताया कि इन महिलाओं को उनी उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण नाबार्ड द्वारा करवाया गया। महिलाओं ने अपने इस भ्रमण के दौरान सराज में ऋतिक रूरल मार्ट, संजना ग्राम दुकान तथा स्वयं सहायता समूह में



बेहतरीन कार्य कर रही महिलाओं के साथ संवाद किया तथा यह जाना कि किस तरह से वह अपने ही घरों में उनी उत्पाद तैयार करके आजीविका कमा सकती हैं व अपनी आर्थिक सबलता प्राप्त कर सकती हैं। ऋतिक रूरल मार्ट से खिमदासी और रीना के द्वारा महिलाओ को बताया गया कि किस तरह से उन्होंने बहुत छोटे स्तर से कार्य करना शुरू किया और आज कम से कम 20 स्वयं सहायता समूह की महिलाओ द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को रूरल मार्ट के जरिए बेचा जा रहा है।

संजना ग्राम दुकान की दीपा देवी और अन्य महिलाओं ने अपने अनुभव सांझा करते हुए इन महिलाओं को कार्ड से चलन वाली मशीन की जानकारी भी दी। यह भी बताया कि किस तरह से कौशल विकास कार्यक्रम के माध्यम से उनी वस्त्र के उत्पाद बड़े स्तर पर तैयार किए जा रहे हैं वह उनकी बिक्री की जा रही है। इससे महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है व वह आत्मनिर्भर हुई हैं। परियोजना समन्वयक ने महिलाओ को अपने कार्य को और ज्यादा बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित किया व उनी वस्त्रों के विभिन्न डिजाइन वाले उत्पाद बनाने हेतु कार्ड वाली मशीन का उपयोग मझवाड़ क्लस्टर में भी शुरू किया जाए। इससे इन महिलाओं की आय में भी बढ़ौतरी होगी। भ्रमण पर गई महिलाओं ने बताया कि इस दौरान उन्हें ऐसा बहुत कुछ सीखाए देखा व पाया है जिससे वह अपने स्तर पर आय में बढ़ौतरी कर सकेंगी।

उन्होंने इस भ्रमण को बेहद उपयोगी व लाभकारी बताया।

## भीषण गर्मी के कारण 50 वर्षो से उपेक्षित कुएं की ओर लौटे मोइन के ग्रामीण

हिमालयन अपडेट

**ऊना: विकास** के चलते हर घर में नलके लग गए और वर्षो तक प्यास बुझाने वाले कई प्राचीन जल स्रोत उपेक्षित हो गए। लेकिन प्रकृति ऐसे हालत बना देती है कि हमें फिर प्रकृति का संरक्षण करना पड़ता है। विश्व विख्यात श्री चिंतपूर्णी के साथ सटे गांव मोइन में भी एक ऐसा ही प्रसंग सामने आया है। जहां पिछले 50 वर्षो तक मोइन की लाइफ लाइन रहा एक कुआं जो सभी की प्यास बुझाता था। लेकिन समय के साथ उपेक्षित हो गया। परन्तु इस बार की भीषण गर्मी ने सभी



गांववासियों को इस उपेक्षित कुएं का स्मरण करवा दिया। गांव के कुछ युवाओं अमित, रजनीश, अरुण, मोनू, अंकित, पंकज, अभि, जीवन, कैलाश, संजू, अंकु, साहिल ने कुएं को अपने लिए जीर्णोद्वार करने का निर्णय लिया और उसे कर दिखाया। उन्होंने कुएं के साथ शिव मंदिर मोइन में एक समिति के साथ मिलकर इस उपेक्षित कुएं को साफ कर जीवनदान दिया। उन्होंने कुएं में मोटर लगाकर बाहर तीन टंकियां लगाकर उसे जनोपयोगी बनाया है। जिससे आज इस क्षेत्र के सैंकड़ों प्रवासी परिवार सुबह शाम पीने के लिए पानी ले जाने में सक्षम हैं। मोइन क्षेत्र में इस प्रकार के प्रयास की व्यापक सराहना की जा रही है।

## बुढ़वार के जंगलों में सक्रिय हुआ वन माफिया

हिमालयन अपडेट

**ऊना: उपमंडल** बंगाणा के कई जंगलों में वन माफिया पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है। हालत यह है कि रोजाना जिला में या तो वनों को काटने की खबरें सामने आ रही है या फिर अवैध लकड़ी से लदी दर्जनों गाड़ियां पकड़ी जा रही हैं। अब ताजा तरीन मामले में उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत बुढ़वार के गांव डोह जंगल में दर्जनों खैर के अवैध मोछे बरामद किए गए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने सोमवार सुबह सवेरे जंगल में पहुंचकर इस अवैध लकड़ी को काबू किया और वन विभाग के अधिकारियों को मामले की सूचना दी। वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच सारी लकड़ी कब्जे में ले ली है। जबकि दूसरी तरफ ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों पर ही इस तरह की अवैध तस्करी को शह देने का आरोप लगाया है। स्थानीय ग्रामीण कैप्टन प्रीतम चंद ने बताया कि गांव के जंगल में अवैध कटान करीब एक महीने पहले से चल रहा है। वन माफिया से जुड़े लोग रात के समय जंगलों में घुसकर पेड़ काट रहे हैं और सुबह होने से पहले ही लकड़ी की ढुलाई करके यहां से तस्करी के लिए ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब जब वन माफिया की सक्रियता पहले से बहुत ज्यादा तेज हो गई है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों ने इस पर लगाम कसने के लिए खुद पहरा देने का मन बनाया और सोमवार सुबह ग्रामीणों ने जंगल के पास खैर के करीब 30 मोछे बरामद कर लिए हैं।

## सूत्रधार वर्षगांठ समारोह आज से जिलाभर के 40 स्कूलों के 15 सौ विद्यार्थी करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

हिमालयन अपडेट

**कुल्लू :** सूत्रधार कला संगम कुल्लू का 47वां सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव मंगलवार से शुरू होगा जो चार दिनों तक चलेगा। संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि सूत्रधार कला संगम कुल्लू हर बार की भांति इस बार भी स्थानीय निजी व सरकारी पाठशालाओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन 18 से 21 जून तक कुल्लू के ऐतिहासिक लाल चन्द प्रार्थी कलाकेन्द्र कुल्लू में होगा। यह कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 5 से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। जिसमें लोकनृत्य, समूह नृत्य, प्रिंसेस सूत्रधार, समूहगान, लोक गीत, फिल्म गीत तथा फैंसी ड्रेस की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जबकि 19 व 20




जून को देवसदन कुल्लू के सभागार में सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक लघुनाटक व वाद्यवृंद ऑर्केस्ट्रा की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस चार दिवसीय सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव में अब तक कुल्लू जनपद के बजौरा से लेकर मनाली तक के लगभग 40 निजी व राजकीय विद्यालयों के लगभग 1500 विद्यार्थियों का भाग लेना आपेक्षित है। इन दिनों इस सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं में भी भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और वो पूरी लगन से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने हेतु अभ्यास में जुटे हुए है। यह चार दिवसीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी कला प्रेमियों व आम जनमानस के स्वस्थ मनोरंजन हेतु निशुल्क रहेगा। इस 47वें सूत्रधार वर्षगांठ उत्सव के भव्य व सफल आयोजन हेतु संस्था के सभी कलाकारों तथा सदस्यों ने जोरो शोरो से तैयारियां शुरू कर दी है। इस हेतु दो उपसमितियों का गठन किया गया, जिसमें बाह्य व्यवस्था प्रबन्धन समिति में अध्यक्ष दिनेश सेन की अध्यक्षता में उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महासचिव अतुल गुप्ता, वित्त सचिव जोगिन्दर सिंह, भण्डार प्रभारी तिलक राज चौधरी, सचिव हितेश गोगी, इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु संस्था द्वारा वर्ष भर में अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहता है।

## प्रदेश सरकार कंडाघाट में दिव्यांगजनों के लिए स्थापित करेगी सेंटर ऑफ एक्सीलेंसः मुख्यमंत्री

हिमालयन अपडेट

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को कहा कि राज्य सरकार सोलन जिले के कण्डाघाट में दिव्यांगजनों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) स्थापित करने जा रही है। विशिष्ट सुविधाओं से सुसज्जित इस केंद्र में 27 वर्ष की आयु तक के विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए आवासीय सुविधाएं, खेल मैदान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सहित व्यापक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए परियोजना को समयबद्ध पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस परियोजना को दो वर्ष के भीतर पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और इसके लिए पर्याप्त बजट का प्रावधान किया जाएगा।

हिमालयन अपडेट
himalayanupdate@gmail.com

# पंजाबी लड़कियों ने छुई बुलंदियां: दो बेटियाँ भारतीय हवाई फौज में अधिकारी बनी

## माई भागों प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट की कैडिट हरूप कौर और निवेदिता सैणी भारतीय हवाई सेना में फलाईंग अधिकारी के तौर पर शामिल

### अमन अरोड़ा ने दोनों अधिकारियों को भारतीय हवाई सेना में सुनहरी भविष्य के लिए दीं शुभकामनाएं





**हिमालयन अपडेट्**
**चंडीगढ़**-माई भागों आर्म्ड फोरसिज प्रैपरेटरी इंस्टीट्यूट फार गर्लज, एस.ए.एस. नगर (मोहाली) ने एक बार फिर सफलता का परचम फहराया है। इस संस्था की दो कैडिट हरूप कौर और निवेदिता सैणी एयर फोर्स अकैडमी, डुंडीगल ( हैदराबाद) से सफलतापूर्वक पास होने उपरांत आज भारतीय हवाई सेना में फलाईंग अधिकारी के तौर पर शामिल हो गई है। पासिंग आउट परेड का निरीक्षण चीफ आफ एयर स्टाफ, एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी, पी.वी.एस.एम, ए.वी.एस.एम, वी.एम, ए.डी.सी. ने किया गया। पंजाब पुलिस, एस.ए.एस. नगर ( मोहाली) जिले में तैनात हैड कांस्टेबल स. भगवंत सिंह की बेटी फलाईंग अधिकारी हरूप कौर एजुकेशन ब्रांच में शामिल होगी। पठानकोट जिले की रहने वाली फलाईंग अधिकारी निवेदिता सैणी के पिता स.हरिन्दर सिंह सैणी सरकारी स्कूल में प्रिंसीपल है और निवेदिता हवाई सेना की लाजिस्टिक ब्रांच में शामिल होगी। पंजाब के रोजगार उत्पति, कौशल विकास एंव प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने दोनों कैडिटों को उनकी इस शानदार प्राप्ति के लिए बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता यकीनी तौर पर पंजाब की अन्य बेटियों को भी रक्षा सेवाओं में करियर बनाने के अवसर ढूंढने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री स.भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार कमिश्नड अधिकारों के तौर पर रक्षा सेवाओं में शामिल होने की इच्छुक राज्य की बेटियों की इच्छाएं पुरी करने के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है। पंजाब सरकार ने जुलाई 2023 में माई भागों ए.एफ.पी. आई. में लड़कियों के लिए एन.डी.ए. प्रैपरेटरी विंग की स्थापना की थी। इस समय यहाँ दूसरे बैच का प्रशिक्षण चल रहा है। जिक्रयोग्य है कि माई भागों इंस्टीट्यूट, पंजाब रोजगार उत्पति, कौशल विकास और प्रशिक्षण विभाग अधीन काम कर रहा है। इस संस्था के पास अति- आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ-साथ रिहायशी कैंपस मौजूद है और यह देश की अपनी किस्म की एक संस्था है।

माई भागों ए.एफ.पी.आई.के डायरैक्टर मेजर जनरल जसबीर सिंह संधू, ए.वी.एस.एम (सेवा- मुक्त) ने दोनों कैडिटों को फलाईंग अधिकारी के तौर पर कमिशनड होने पर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि यह प्राप्ति राज्य सरकार द्वारा अन्य लड़कियों को अलग- अलग हथियारबंद सेनाओं की प्री-कमीशन प्रशिक्षण अकैडमियों में भेजने के किए जा रहे प्रयासों को बढावा देगी। उन्होंने नए कमिश्नड अधिकारियों को भारतीय हवाई सेना में उनके सुनहरी भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

# पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट के दो कैडिटों ने छूआ आसमान

## तरन तारन का कंवरनूर सिंह और अमृतसर का अनीश पांडे भारतीय वायु सेना के कमिशन्ड अफसर बने। अमन अरोड़ा द्वारा दोनों अफसरों को बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं





**हिमालयन अपडेट**
**चंडीगढ़**-पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे महाराजा रणजीत सिंह आर्म्ड फोर्सिज प्रिपरेटरी इंस्टीट्यूट (ए.एफ.पी.आई.) के 8वें कोर्स के दो कैडिटों ने भारतीय वायु सेना में कमिशन्ड अफसर के तौर पर शामिल होकर प्रदेश का नाम रौशन किया है। इन दोनों कैडिटों को आज एयर फोर्स अकेडमी, डुंडीगल (हैदराबाद) में हुई कम्बाइंड ग्रेजुएशन परेड (सीजीपी) उपरांत भारतीय वायु सेना में अफसर के तौर पर कमीशन दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस परेड का निरीक्षण एयर चीफ मार्शल वी. आर. चौधरी, पी.वी.एस.एम., ए.वी.एस.एम., वी.एम., ए.डी.सी. द्वारा किया गया। तरन तारन निवासी फ्लाईंग अफसर कंवरनूर सिंह फाइटर पायलट के तौर पर फ्लाईंग ब्रांच में शामिल होंगे, जबकि अमृतसर निवासी फ्लाईंग अफसर अनीश पांडे हेलीकॉप्टर पायलट के तौर पर फ्लाईंग ब्रांच में शामिल होंगे।

पंजाब के रोजगार सृजन, कौशल विकास और प्रशिक्षण मंत्री श्री अमन अरोड़ा ने दोनों कैडिटों को भारतीय वायु सेना के अधिकारी बनने पर बधाई दी और उनको सुनहरी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।
उन्होंने बताया कि इन कैडिटों के कमिशन्ड अफसर बनने से महाराजा रणजीत सिंह ए.एफ.पी.आई. के 160 पूर्व कैडिट भारतीय सशस्त्र सेनाओं के अलग-अलग विंगों में कमिशन्ड अफसर के तौर पर शामिल हो चुके हैं, जिनमें 21 अफसर भारतीय वायु सेना, 121 अफसर भारतीय थल सेना और 18 अफसर भारतीय नौसेना में शामिल हुए हैं। इसके अलावा 69 पूर्व कैडिट तीनों सेवाओं में कमिशन्ड अफसर बनने के लिए प्रशिक्षण ले रहे हैं।

महाराजा रणजीत सिंह ए.एफ.पी.आई. के डायरेक्टर जनरल, मेजर जनरल अजय एच. चौहान, वी.एस.एम. ने कैडिटों को कमिशन्ड अफसर बनने पर बधाई देते हुए उनको संस्था के निष्ठावान प्रतिनिधि और पंजाब के सपूत के तौर पर देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

# छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की दी नसीहत

**हिमालयन अपडेट**
**सतनाली।** नशा मुक्त हरियाणा पखवाड़ा के तहत थाना सतनाली की पुलिस टीम ने सतनाली में एक एकेडमी के छात्रझछात्राओं को नशे से दूर रहने की नसीहत दी। सतनाली थाना प्रबंधक निरीक्षक मुकेश कुमार ने कहा कि युवाओं में नशे की लत चिंता का विषय है। युवा नशे के शिकार होकर अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। जागरूकता से ही समाज को नशामुक्त बनाया जा सकता है। यह बात थाना सतनाली प्रबंधक ने नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत एक एकेडमी में कार्यक्रम के दौरान छात्रझछात्राओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नशे को समाज से उखाडने.के लिए आगे आने को कहा। जागरूकता अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं को E-Pledge Certificate Download करवाए गए।

# फीस बढ़ोत्तरी के विरोध में एनएसयूआई ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**हिमालयन अपडेट**
**भिवानी।** नई शिक्षा नीति के नाम पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतहक द्वारा की गई फीस बढ़ोत्तरी के विरोध में सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के निदेर्शानुसार एवं एनएसयूआई हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अविनाश यादव के नेतृत्व में एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान सहित अन्य पदाधिकारियों ने शनिवार को स्थानीय महाराजा नीमपाल राजकीय महाविद्यालय मे हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान एनएसयूआई पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों को एमडीयू रोहतक के छात्र विरोधी कदम से अवगत करवाया तथा इसके खिलाफ विरोध करने को लेकर छात्र शक्ति को एकजजुट किया। इस मौके पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मनजीत लांग्यान ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद जहां बीए का स्थान बीए ऑनर ने ले लिया है, वही इसी के नाम पर एमडीयू प्रशासन द्वारा फीस में भी 5 गुणा तक बढ़ोत्तरी कर दी गई है। जिसके चलते गरीब तबके के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा का अधिकार भी पहुंच से बाहर होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामान्य बीए की फीस जहां 8500 रुपए थी, वही अब बीए की जगह बीए ऑनर कराया जाएगा और इसकी वार्षिक फीस 30 हजार 660 रुपए होगी। वही 8592 रुपए होने वाली बीएएससी और बीकॉम की फीस 40 हजार 660 रुपए तक की गई है। उन्होंने बीबीए व बीसीए की फीस भी 43 हजार 692-45 हजार 662 से बढ़ाकर 61 हजार 650 रुपए कर दी गई। है। उन्होंने बताया कि फीस बढ़ोत्तरी का एनएसयूआई कड़ा विरोध करती है। लाग्यान ने कहा कि सरकारी शिक्षण संस्थानों में अधिकत्तर गरीब बच्चें पढ? के लिए आते है। लेकिन सरकार व एमडीयू प्रशासन द्वारा फीस बढ़ाकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को शिक्षा के अधिकार से महरूम रखे जाने का षड?त्र रचा जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से मांग करते है कि जल्द से जल्द इस नीति को तुरंत प्रभाव से वापिस लेकर फीस बढ़ोत्तरी का फैसला वापिस लिया जाए। नही तो एनएसयूआई छात्र हित में बड़े से बड़ा संघर्ष करने से भी पीछे नहीं हटेगी। इस अवसर पर लखन प्रेमनगर, विनीत शर्मा, विकास राजपूत, रोहित, अभय, संजय, रोहित शर्मा, राहुल, सर्वजीत, कुलदीप सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे

# दुकान से नकदी भरा बैग चोरी

**हिमालयन अपडेट**
**सिरसा।** शहर के ई-ब्लॉक में एक दुकान के गेट का ताला तोडकर चोर नकदी से भरा बैग चोरी कर ले गए। बैग में करीब 1 लाख रुपए की नकदी थी। पुलिस को दी शिकायत में हिमांशु कालड़ा ने बताया कि दोपहर को वह घर खाना खाने के लिए दुकान का शीशा लॉक कर घर गया था। पीछे से चोर दिनदहाड़े शीशे का लॉक तोडकर गल्ले के पास पड़ा नकदी वाला बैग चोरी कर ले गए। बैग में करीब 1 लाख रुपए की नकदी थी। जब खाना खाकर वह वापस आया तो उसे घटना का पता चला। अपने स्तर पर आसपास के दुकानदारों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कार्यालय का ताला तोडकर नकदी व दस्तावेज चोरी

**हिमालयन अपडेट**
**सिरसा।** शहर के सरकुलर रोड क्षेत्र में एक कार्यालय के ताले तोडकर चोर 18500 रुपए की नकदी सहित जरूरी दस्तावेज चुराकर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में संतनगर निवासी रोहताश जांगड़ा ने बताया कि उनका सरकुलर रोड पर कार्यालय है। 13 जून की शाम को वह कार्यालय बंद कर घर चला गया। देर रात को चोरों ने कार्यालय के गेट के ताले तोडकर वहां रखे कुछ जरूरी दस्तावेज व गल्ले में पड़ी 18500 रुपए की नकदी चोरी कर ली। सुबह उसे घटना का पता चला। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी काफी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# घर के बाहर से बाइक चोरी

**हिमालयन अपडेट**
**सिरसा।** शहर के अग्रसैन कॉलोनी में घर के बाहर खड़ा बाइक चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में अजय गर्ग ने बताया कि 14 जून की शाम को उन्होंने अपना बाइक घर के बाहर खड़ा किया था। कुछ देर बाद संभाला तो बाइक गायब मिला। अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

हिमालयन अपडेट
himalayanupdate@gmail.com

## संपादक की कलम से

# क्या सचमुच अहंकार से आहत है संघ परिवार

नयी सरकार बनने के बाद से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने ' अहंकार ' शब्द को लेकर एक अभियान शुरू कर दिया है । संघ प्रमुख डॉ मोहन भागवत ने अपनी ' संघीय भागवत' ' में जो नया अध्याय जोड़ा है उसका नाम है ' अहंकार '। डॉ भगवत की भागवत में ' हाँ ' में ' हाँ ' मिलाने के लिए उनके अवर सह संघ चालक श्रीमान इंद्रेश कुमार जी ने भी 'अहंकार ' को लेकर अपनी व्याख्या दी है। पूरा देश इस भ्रम में है कि क्या ' अहंकार ' को लेकर संघ और भाजपा और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के बीच अनबन हो गयी है ?

देश के लोग पिछले दस साल से भाजपा और उसके शीर्ष नेतृत्व के मन में उपज रहे 'अहंकार ' के पौधे को देख रहे है । यह अहंकार अब वटवृक्ष बन गया है। संघ को तो ' अहंकार का ये वटवृक्ष अच्छा लगता है लेकिन देश की जनता को नहीं । देश की जनता ने वर्ष 2024 में जो जनादेश दिया उससे जाहिर है कि जनता ' अहंकार से आहत है। सत्ताधीशों के अहंकार का कदाचित लाभ प्रतिपक्ष को भी मिला है और संघ के असंतोष की यही असली वजह है। संघ चाहता था कि सत्ता का अहंकार भी बना रहे और भाजपा बिना बैशाखियों के सतत चलती रहे लेकिन ऐसा हो नहीं सका। देश का विपक्ष ' अहंकार ' के इस मुद्दे को अपना हथियार बनाये इससे पहले ही संघ ने खुद इस मुद्दे को अपने हाथ में ले लिया ताकि भाजपा की लंगड़ी -लूली सरकार के सामने ' अहंकार ' कोई मुद्दा न बन जाए। जनता समझे कि संघ अब खुद ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के खिलाफ हो गयी है ,जबकि हकीकत ये नहीं है । संघ और भाजपा में कोई अनबन नहीं है । ये दोनों एक-दूसरे के बिना एक पल जीवित नहीं रह सकते। हाँ इतना अवश्य है कि संघ परिवार ने मोदी परिवार का मुखौटा लगाकर एक बड़ी भूल कर दी। मोदी परिवार की अवधारणा साधारण संघियों की समझ में नहीं आयी। उन्हें लगा कि मोदी जी संघ परिवार को हड़प रहे हैं ,इसलिए वे आम चुनाव में जहाँ -तहाँ पीछे हट गए और इसका खमियाजा संघ और भाजपा को उठाना पड़ा।

यदि आप गौर करें तो पाएंगे कि संघ और भाजपा का नेतृत्व इस समय जो पीढ़ी कर रही है वो खुद स्वभाव से 'अहंकारी ' है। डॉ भागवत और मोदी जी ही नहीं बल्कि इंद्रेश कुमार भी आक्रामकता के लिए जाने जाते है। तीनों हमउम्र हैं । ऐसा भ्रम फैलाया जा रहा है कि मोशा की भाजपा ,संघ का नहीं बल्कि अपना ' हिडन एजेंडा ' चला रही है,जबकि ये सौ फीसदी गलत है । भाजपा का अपना कोई एजेंडा नहीं है। आज भी संघ इतनी शक्ति रखता है कि मोदी जी को एक झटके में सत्ता से अलग कर दे लेकिन उसके पास मोदी जी जैसी आक्रामकता के साथ संघ के एजेंडे पर काम करने वाला कोई दूसरा नेता है नही। अमित शाह का खलनायकत्व भी साफ झलकता है। संघ चाहता है कि जब तक उसका एजेंडा पूरा न हो जाये भाजपा येन-केन सत्ता में बनी रहे। भले ही इसके लिए उसे आने वाले दिनों में बैशाखियाँ और ' वॉकर ' ही इस्तेमाल क्यों न करना पड़े ?

आपको बता दूँ कि डॉ भागवत ने अहंकार से पहले मणिपुर का मुद्दा भी उठाया जबकि मणिपुर में सत्तारूढ़ भाजपा नहीं बल्कि संघ नाकाम हुआ । भाजपा के सत्ता में आते ही मणिपुर में पूर्णकालिक प्रचारक की नियुक्ति की गयी थी। बी भगैया जैसे प्रचारक वहां तैनात किये गए थे ,लेकिन मणिपुर में संघ का पासा उलटा पड़ गया और जिस तरह की हिंसा हुई उसे संघ अपने पक्ष में भुना नहीं पाया। संघ यदि सचमुच मणिपुर की हिंसा से द्रवित होता तो डॉ भागवत जिस तरह से आज मोशा सरकार को हिदायत या उपदेश दे रहे हैं पिछले साल ही दे सकते थे। प्रधानमंत्री को मणिपुर जाने से यदि किसी ने रोका तो वो संघ ही है। मणिपुर समेत पूर्वोत्तर में अपने पांव जमाने में नाकाम रहा संघ अब चाहता है कि वहां हालात मामूल पर आएं और शायद इसीलिए वहां के विकास के लिए ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे सुदर्शन और ऊजार्वान संसद को पूर्वोत्तर मामलों का मंत्री बनाया गया है।

आम चुनाव में भाजपा के कमजोर होकर उभरने से भाजपा के प्रति जनता में अनास्था और न बढ़े इसलिए संघ ने अपना पैंतरा बदलते हुए न सिर्फ मणिपुर का राग अलापा बल्कि ' अहंकार 'को भी मुद्दा बनाया। संघ लगातार भ्रम पैदा करने की कोशिश करता रहता है । संघ प्रमुख गोरखपुर में उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ गुफ्तगू कर ये भ्रम भी फैलाना चाहता है कि संघ मोदी का विकल्प खोज रहा है। जबकि मोदी का विकल्प खुद मोदी जी ही है। वे हिटलर की राह पर चलते हुए बहुत आगे जा चुके हैं और संघ यही चाहता भी था ।दरअसल मोदी जी ने वो कर दखाया है जो गुरु गोलवलकर भी नहीं दिखा पाए थे। मोदी से पहले अटल बिहाई बाजपेयी को भी संघ ने मौका दिया था किन्तु प्रधानमंत्री के रूपमें वे मोदी की तरह संघ की कार्यसूची पार काम नहीं कर पाए उलटे उन्होंने सत्ता में वापसी का मौका भी गंवा दिया।

आने वाले दिनों में आप देखेंगे कि भाजपा और संघ मिलकर देश को उसी दिशा में आगे धकेलेंगे जो पहले से तय है । संसद में शक्ति कम होने की वजह से संघ और भाजपा की यात्रा की रफ्तार थोड़ी धीमी जरूर हो सकती है लेकिन ये रुकने वाली नहीं है। संघ आम चुनाव में घायल हुए मोदी और अमित शाह की जोड़ी की मरहम -पट्टी खुद ही कर उन्हें पीछे से ताकत देने का काम करती रहेगी और ये भ्रम भी बनाये रहेगी की भाजपा और संघ में अनबन है।

ये बात सही है कि माननीय मोदी जी जैसे कुछ नेता अत्यधिक अहंकार के कारण विश्व का परम् सत्य जाने की कोशिश करते हैं ।वे खुद को अविनाशी घोषित कर नर से नारायण बनने की इच्छा करते हैं । परमात्मा से भी ऊपर ब्रह्म बनना चाहते हैं ।लेकिन स्वयं के भीतर की आत्मा को परमात्मा मानते है। लेकिन उन्हें भी अंत में ज्ञात हो जाता है कि उसकी ही आत्मा ,परमात्मा है वह ही ब्रह्म है तथा वही नर है वही नारायण है।

मोदी जी को अब तब तक अविनाशी बने रहना पडेगा जब तक की वे स्वयं ही अपने आपको भस्म नहीं कर लेते। उन्हें नाचना सिखाने वाले ईश्वर किस मोहनी बनकर खुद उनसे ही उनके सर पर उनका हाथ रखवा कर उन्हें भस्म होने के लिए विवश कर देंगे।

# आओ गंगा नहाएं हम और आप भी

@ राकेश अचल

राजनीति से हटकर आइये आज गंगा की बात करते हैं। गंगा हमारे लिए केवल एक नदी नहीं है बल्कि संस्कृति का एक जीवंत प्रतीक है। हम गंगा का पुत्र होने में अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते हैं। गंगा की सौगंध खाते हैं, अपनी सच्चाई को प्रमाणित करने के लिए गंगाजल उठाते है। पाप निवारण के लिए गंगा स्नान करते हैं। और जब कोई बड़ा काम सम्पन्न करने में कामयाब हो जाते हैं तो राहत की सांस लेते हुए कहते हैं - 'चलिए हमने तो गंगा नहा ली।'




गंगा के बारे में हर भारतीय जानता है। पूरब का हो, चाहे पश्चिम का, उत्तर का हो या दक्षिण का, सबके लिए गंगा का महत्व है। ये बात अलग है कि सबकी गंगा अलग-अलग है। गंगा दरअसल प्रयाग या हरिद्वार में ही नहीं बहती, बल्कि हर व्यक्ति के मन में बहती है। समस्या ये है कि इन तमाम गंगाओं का मिलन होना सुनिश्चित नहीं है। आपने राजकपूर की फिल्म 'संगम' तो देखी ही होगी। इस फिल्म का शीर्षक गीत है ये सवाल खड़े करता है कि 'तेरे मन की और मेरे मन की गंगा का मिलन होगा या नहीं'? गीतकार शैलेन्द्र ने जब ये गीत लिखा और शंकर -जयकिशन ने इसे संगीतबद्ध कर मुकेश से गवाया था तब ये सोचा भी न होगा कि गंगा एक समय में ' यक्ष -प्रश्न बन जाएगी और कोई भी इस सवाल का जबाब नहीं दे पायेगा कि हमारे-आपके मन की गंगा का मिलन आज की सियासत होने देगी या नहीं ?

ईश्वर के वजूद को लेकर अक्सर मेरे मन में प्रश्न रहते हैं किन्तु गंगा को लेकर मेरे मन में कभी कोई दुविधा नहीं रही। मैंने जब से होश सम्हाला है गंगा को विभिन्न रूपों में देखा है। गंगा के प्रति अपने पूर्वजों के मन में अगाध श्रृद्धा देखी है। हम भारतीयों में से बहुत से आज भी किसी कानून से, किसी अदालत से भले ही न डरते हों लेकिन गंगा से डरते हैं। उनका डर सम्मान की वजह से है। हर भारतीय आज भी गंगा को पाप-नाशिनी मानता है। पतित-पावन मानता है। और ये मान्यता कोई एक दिन में या 2014 के बाद नहीं बनी। ये सदियों, युगों और कल्पों के बाद बनी है। हर भारतीय के घर में गंगा मौजूद मिलेगी। शीशी में, कंटेनर में। आखिरी वक्त में सभी को मोक्ष पाने के लिए गंगाजल की दरकार होती है, भले ही उसने जीवन में कभी गंगा स्नान किया हो या न किया हो।

भगवान शिव को किसी ने नहीं देखा, भगीरथ को किसी ने नहीं देखा लेकिन गंगा को सबने देखा है। सबको गंगावतरण की पौराणिक कथा का ज्ञान है। सब मानते हैं कि यदि रघुवंशी भगीरथ हठ न करते तो गंगा भूलोक में शायद न आती। शिव यदि गंगा को अपनी जटाओं में धारण करने का साहस न दिखाते तो गंगा धरती पर या तो आती ही नहीं और यदि आ भी जाती तो समूची सृष्टि को अपने आवेग के साथ बहा ले जाती। गंगा दुनिया कि किसी दूसरे देश में नहीं है। अमेरिका में नहीं, चीन में नहीं, जापान में नहीं, रूस में नहीं। गंगा सिर्फ भारत में है और हम शान से गर्व से कहते हैं कि - 'हम उस देश कि वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है'। यानि गंगा हमारा आइडेंटिटी कार्ड है, परिचय पत्र है। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश हो जहाँ कि नागरिक अपने परिचय कि तौर पर अपने देश की किसी नदी का इस्तेमाल करते हैं। चूंकि 16 जून को गंगा दशहरा है, इसलिए मै आपके सामने गंगा - पुराण लेकर बैठ गया। वरना किसे फुरसत है गंगा पर बात करने की। गंगा को लेकर हम आम भारतीय ही नहीं बल्कि हमारी सरकारें भी बहुत संवेदनशील दिखाई देतीं हैं लेकिन असल में होती नहीं हैं। वे दुनिया कि पाप धोने वाली गंगा कि शुद्धिकरण और उसके पुनर्जीवन कि लिए 'नमामि गंगे' प्रोजेक्ट तो बना लेते हैं किन्तु उसे भी सियासत के रंग में रंग देते है। भ्ष्टार्चार की भेंट चढ़ा देते हैं। भारत कि भाग्यविधाता चूंकि खुद को गंगा पुत्र कहते हैं इसलिए देश में नमामि गंगे प्रोजेक्ट को उनका दिव्यस्वप्न माना जाता है। भाग्यविधाता को गंगा ने तीसरा अवसर दे दिया लेकिन इस प्रोजेक्ट को आज तक पूरा नहीं किया जा सका। मुमकिन है कोई मजबूरी रही हो। इस परियोजना पर हम भी बात नहीं करना चाहते, अन्यथा कहा जाएगा की हम फिर सियासत पर आ गए!

हम और आप साधारण इंसान हैं इसलिए हम और आप ऐसी कोई बात नहीं कर सकते जो असाधारण हो। असाधारण बात करने का हक असाधारण लोगों को ही है। बल्कि असाधारण बातें आजकल केवल अविनाशी लोगों का एकाधिकार माना जाता है। साधारण बात ये है कि हम गंगा को पूजते हैं लेकिन उसकी फिक्र नहीं करते। हमें गंगा कि प्रति फिक्रमंद होने कि लिए उन देशों से सीखना होगा जिनके पास गंगा तो नहीं है लेकिन उनकी नदियाँ गंगा से सौ गुना ज्यादा स्वच्छ हैं। विदेशी अपनी नदियों कि लिए किसी सरकार पर निर्भर नहीं होते। वे ये कामखुद करते हैं, लेकिन हम ये सब नहीं करते। हम गंगा दशहरे पर गंगा को पूजेंगे, उसकी आरती उतारेंगे, दान-पुण्य करेंगे लेकिन उसकी कोख को गंदगी से भर आएंगे।

हमारी नब्बे साल की दादी फूलकुंवर अनपढ़ थीं लेकिन जानतीं थीं कि ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि पर गंगा दशहरा मनाया जाता है। इस दिन गंगा जी की पूजा, गंगाजल से स्नान जरुर करना चाहिए। मान्यता है इससे व्यक्ति के कई जन्मों के पाप धुल जाते है। वे गांव के पास बहने वाली बेतवा को ही गंगा मानकर उसमें डुबकी लगा लेतीं थी। उनके मायके कि पास भी गंगा नहीं थी, वहां जमुना थी ।वे उसे भी गंगा मानतीं थीं। हमारे पास भी गंगा नहीं बल्कि चंबल है। हम चंबल को ही अपनी गंगा मानते हैं। गंगा को बचाने का मतलब हर नदी को बचाने से होना चाहिए तब तो गंगा को पूजने का, उसमें नहाने का कोई अर्थ सार्थक हो सकता है।

हमने संविधान, भाईचारा, मंगलसूत्र, मुजरा, आरक्षण आदि मुद्दों पर हाल ही में चुनाव देखा है। हमारे राजनितिक दलों और नेताओं ने तो चुनाव कराकर गंगा नहा ली, लेकिन गंगा का जिक्र एक बार भी नहीं किया। कोई सत्ता पक्ष में पहुँच गया तो कोई प्रतिपक्ष में। जो कहीं नहीं पहुंचा वो निर्दलीय है, जहाँ ज्यादा चारा मिलेगा, वहां पहुँच जायेगा।

# फिर आतंकी हमलें, कायम हो शांति का उजाला

-: ललित गर्ग:-

यह आशंका सच साबित हो रही है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है।



इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे।

मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया।

लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है।

जम्मू के इलाके में आतंकी घटनाओं में वृद्धि शासन-प्रशासन के लिये गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इन हमलों में पाकिस्तान की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। उल्लेखनीय है कि रविवार को हुए हमले की जिम्मेदारी जहां लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी गुट टीआरएफ ने ली तो डोडा में हुए हमले की जिम्मेदारी पाक पोषित जैश-ए-मोहम्मद के एक गुट कश्मीर टाइगर्स नामक आतंकी संगठन ने ली है। बहरहाल, भारतीय सेना व सुरक्षा बल आतंकवादियों को भरपूर जवाब दे रहे हैं। लेकिन इस माह के अंत में शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा का निर्बाध आयोजन सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती होगी। जिसको लेकर विशेष चौकसी बरतने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर हाल के आतंकी हमले केंद्र सरकार व राज्य प्रशासन को भी आत्ममंथन का मौका देते हैं।

तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है। लेकिन वर्ष 2014 के बाद से, नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से वहां शांति एवं विकास का अपूर्व वातावरण बना है। गठबंधन की केन्द्र सरकार के सामने अब बड़ा लक्ष्य है वहाँ आतंक से अमन-चैन तक लाने के चले आ रहे मिशन को सफल करने का, लोकतंत्र को सशक्त बनाने का, विकास के कार्यक्रमों को गति देने का एवं कश्मीर के लोगों पर आयी मुस्कान को कायम रखने का।

हिमालयन अपडेट
himalayanupdate@gmailÜcom

# ऑनलाइन डेटिंग कैसे रहें सुरक्षित



अक्सर ही ऑनलाइन डेटिंग के जरिये पहले दोस्ती और फिर धोखे की खबरें भी सुर्खियां बनती हैं. इस क्षेत्र में सुरक्षित रहने के लिए कुछ बातों पर दें विशेष ध्यान

अगर ऑनलाइन साथी की तलाश कर रहे हैं तो विभिन्न सर्च इंजन की सहायता लें. साथ ही, ऑनलाइन फ्रेंड से रीयल लाइफ में मिलने का निर्णय लेते हैं तो यह सुनिश्चित कर लें कि वह जगह पब्लिक प्लेस हो, अगर आप इंटरनेट के जरिए अपने प्यार की तलाश कर रहे हैं, तो कुछ बातों का ध्यान रखें...

क्या आप ऑनलाइन डेटिंग के बारे में सोच रहे हैं? अगर हां, तो जरा संभल के. इसमें थोड़ी सी लापरवाही आपके लिए खतरा भी बन सकती है.

ऑनलाइन डेटिंग मैगजीन के अनुसार, बीस प्रतिशत अमेरिकी ऐसे व्यक्ति के साथ डेटिंग पर बाहर जाते हैं जिनसे वे ऑनलाइन मिले होते हैं, जबकि हर साल ऑनलाइन मिलने वाले लोगों में से 2,80,000 लोग शादी कर लेते हैं.

हालांकि ये आंकड़े विदेश के हैं लेकिन हमारे देश में भी ऑनलाइन डेटिंग का क्रेज कम नहीं है. भले ही ऑनलाइन डेटिंग के जरिये मनचाहा साथी मिल जाता हो लेकिन इस आभासी दुनिया में छल करने वालों की भी कमी नहीं है.

## साइट्स की पहचान

कुछ साइट्स हैं जो यह निर्णय करती हैं कि आप किससे मिलें, जबकि कुछ साइट्स आपको आवश्यक डेट के बारे में सलाह देती हैं. सबसे जरूरी बात आप इन साइट्स की कीमत को जरूर जांच लें. छोटे और क्षेत्रीय साइट्स को भी नजरअंदाज न करें.

## ईमानदारी से बनायें प्रोफाइल

ऑनलाइन प्रोफाइल बनाते समय अपनी उम्र, बैकग्राउंड या आदतों के बारे में झूठे बयान देने से बचें. लेकिन अपने बारे में बहुत अधिक जानकारी देने से बचें, चाहे आप अगले व्यक्ति को पहचानते ही क्यों न हों. अच्छी लेकिन अप-टू-डेट फोटो पोस्ट करें, किसी भी तरह की अश्लीलता से बचें.

## थोड़ी बेईमानी की उम्मीद

विशेषज्ञ मानते हैं कि ऑनलाइन डेटिंग रिलेशन बनाने का बजाय एक तरह से विज्ञापन होता है. यह ऐसा विज्ञापन होता है जो अतिशयो क्तिपूर्ण कथन और झूठ से भरा होता है. दोस्ती करने वाला उनसे उम्मीद करता है कि अगला व्यक्ति अपनी बेस्ट फोटो अपलोड करेगा जबकि वह अपनी कम उम्र की फोटो के साथ ही अपने वजन का भी कई किलो छिपा जाता है.

## फ्रॉड से बचें

किसी भी नई तकनीक के समान ही ऑनलाइन डेटिंग के भी कुछ नकारात्मक पहलू हैं. इनमें से सबसे बड़ी बात फ्रॉड की है. बड़ी संख्या में अंतरराष्ट्रीय सहायता संघ भी वजूद में हैं जो ऑनलाइन डेटिंग साइट पर भी मौजूद हैं और अक्सर इस तरह के मैसेज भेज कर दावा करते हैं कि कुछ लोग हैं जो मुसीबत में हैं और उनके पास पैसे नहीं हैं. अगर कोई ऐसी बात करे, खासकर किसी दूसरे देश का व्यक्ति, तो तुरंत उससे नाता तोड़ लें.

## तहकीकात करें

परिवार या दोस्त कभी भी आपके संभावित ऑनलाइन डेटिंग की जांच नहीं कर सकते. इसलिए आपको थोड़ा सा जासूसी वाला काम भी करना पड़ेगा. जिससे ऑनलाइन मिले हैं और फिर उस व्यक्ति से वास्तव में मिलने जा रहे हैं तो उनके बारे में थोड़ी जांच-पड़ताल भी करें. इसके लिए मल्टीपल सर्च इंजन का सहारा लें.


आपराधिक बैकग्राउंड की भी जांच करें. इस बात को सुनिश्चित कर लें कि उसके अनुसार जो वह है, वह सच है.

## सार्वजनिक स्थल पर मिलें

वास्तव में, ऑनलाइन फ्रेंड के साथ मिलने की स्थिति आने पर किसी सार्वजनिक स्थल पर भी मिलने का प्रयास करें. साथ ही, आप कहां जा रहे हैं और किससे मिलने जा रहे हैं और कब वापस आएंगे, अगर इसकी सूचना परिवार और मित्रों को देकर जाएंगे तो बेहतर होगा. अपना फोन हाथ में रखें. अगर डेट पर किसी भी तरह की असहजता महसूस करें तुरंत उस जगह को छोड़ दें.

# यूं सजाएं अपना आशियाना

**घर छोटा हो या बड़ा, चाहत सिर्फ इतनी रहती है कि अपना घर सबसे अलग और सुंदर नजर आए. सूझबूझ से आप भी घर को सुंदर बना सकती हैं.**



यदि आप घर को नेचुरल लुक से संवारना चाहती हैं तो उसके लिए फूलों का प्रयोग करें. फूल यदि प्राकृतिक ले सकें तो ठीक, वरना बाजार में मिलने वाले आर्टिफिशल फूलों का प्रयोग करें. कोशिश करें कि एक कमरे में एक से ज्यादा फूलदान ना हों. यदि रखने ही हों तो सबसे पहले सबसे छोटा और सबसे आखिरी में बड़े साइज वाला फूलदान रखें. घर सजाने के लिए कैंडल का प्रयोग भी कर सकती हैं.

## फूलों से सजाएं

कैंडल सजाते समय इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि वे विषम संख्या में हों. ड्राइंग रूम बड़ा हो तो चारों कोनों में चार नहीं भी लगा सकें तो कम से कम दो कोनों में हैंगिंग लैंप लगाएं. हालांकि, ड्राइंग रूम में ट्यूब लाइट से परहेज करना बेहतर होता है. ड्राइंग रूम में अगर दो खिड़कियों के बीच लंबा गैप हो तो वहां लंबी तस्वीरों की जगह चौड़ी तस्वीरों का प्रयोग करें. ऐसा करने से कमरा खाली-खाली नहीं लगेगा.

## आकर्षक फर्नीचर

ड्राइंग रूम का फर्नीचर सदैव आकर्षक रखें. इसका डिजाइन परंपरागत हो या आधुनिक, लुभावना होना चाहिए. दीवार पर हाथ से सुंदर मोटिफ, बेल या फूल बनाएं. इस सजावट के बाद आपको वॉल पेपर की जरूरत नहीं पड़ेगी. इन दिनों बाजार में सोफा कवर के लिए फ्लोरल फैब्रिक का अधिक चलन है. यह घर को मॉडर्न लुक देता है. कर्लड ग्लासेस और स्टोन का प्रयोग भी कमरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए कर सकती हैं. जगह बचाने के लिए कम जगह घेरने वाले फर्नीचर का प्रयोग करें. इसके अलावा आप जैपनीज स्टाइल के बेड का इस्तेमाल भी कर सकती हैं.

## कुशंस से सजाकर नया लुक

अगर जगह कम हो तो ड्राइंग रूम में कॉम्पैक्ट स्टूल बेड या चेयर बेड का इस्तेमाल करें. इन दिनों सोफा कम बेड कई शेप में आ रहे हैं. अपने बजट और आवश्यकता के हिसाब से इनका चयन करें. साधारण सोफा सेट को कलरफुल कुशंस से सजाकर नया लुक दिया जा सकता है. मॉडर्न और ओल्ड वर्जन का फ्यूजन करने में संकोच न करें. इसके लिए पुराने जमाने के टेलीफोन या ग्रामोफोन भी सजावट के तौर पर इस्तेमाल कर सकती हैं. गिंग लाइट्स या फ्लोर स्टैंडिंग, स्टैंर्डड लैंप जैसी डेकोरेटिव लाइट्स के प्रयोग घर छोटा हो या बड़ा, चाहत सिर्फ इतनी रहती है कि अपना घर सबसे अलग और सुंदर नजर आए. सूझबूझ से आप भी घर को सुंदर बना सकती हैं. घर को स्टाइलिश लुक देने के लिए अपने बजट के अनुसार हल्की-फुल्की एक्से सरीज खरीदें, जैसे-ग्लास पीसेस, फ्लावर पॉट वगैरह. पर्दों के लिए सिल्क के कपड़ों में स्ट्राइप्ड या वर्टीकल स्ट्राइप डिजाइन किए गए फैब्रिक का प्रयोग बेहतर होगा. कमरे को बड़ा लुक देने के लिए छोटे पैटर्न और डिजाइन वाले कालीन का प्रयोग करें. घर के फर्नीचर से लेकर कमरे के साज-सामान तक के लिए गहरी लाइन वाले फैब्रिक चुनें. इस तरह थोड़ी-सी समझदारी और सूझबूझ से आप कम बजट में भी घर को नया और आधुनिक रूप दे सकती हैं.



# बढ़ती उम्र की महिलाओं का हेल्दी डाइट

**हॉट फ्लैश मीनोपॉज का संकेत देने वाला मुख्य लक्षण है. इसे हेल्दी डाइट के जरिये नियंत्रित भी किया जा सकता है.**

आमतौर पर मीनोपॉज से पूर्व महिलाएं हॉट फ्लेश का सामना करती हैं, जो सामान्य बात है. डॉक्टरों के अनुसार, हॉट फ्लेश मीनोपॉज का संकेत देने वाला मुख्य लक्षण है. मीनोपॉज से पहले हॉट फ्लेश का अनुभव करना इसलिए भी बहुत सामान्य बात है क्योंकि इस दौरान शरीर का हार्मोनल स्तर फ्लक्चुऐट यानी ऊपर-नीचे होता रहता है.

अक्सर यही फ्लक्चुएशन हॉट फ्लेशेज का कारण बनता है. हॉट फ्लेशेज में अचानक ही कुछ सेकेंड्स के लिए बहुत तेज गर्मी का अहसास होता है. हालांकि यह सच है कि मीनोपॉज के निकट पहुंच चुकी महिलाओं के लिए हॉट फ्लेशेज सामान्य बात है लेकिन इसे हेल्दी डाइट के जरिये नियंत्रित भी किया जा सकता है. कुछ प्राकृतिक खाद्य पदार्थ हैं जिनसे हॉट फ्लेश की गर्मी से काफी हद तक बच सकती हैं.

## हाई फाइबर फूड्स की जरूरत

रेशों से भरपूर खाद्य पदार्थ हॉट फ्लैशेज से बचने का बेहतर उपाय है कि आप अपनी डाइट में हाई फाइबर फूड्स को शामिल करें. ऐसा इसलिए क्योंकि शरीर के ब्लड शुगर को मेंटेन रखने के लिए रेशों से भरपूर खाद्य पदार्थ उपयोगी होते हैं. इसलिए यह हॉट फ्लेशेज को कम करने में सहायक होता है. हाई फाइबर खाद्य पदार्थों में साबुत अनाज, ब्रोकली, सेब, अमरूद, गाजर आदि शामिल होते हैं. फलियों में आप बीन्स, मसूर और मटर को चुन सकती है. रेशेदार भोजन न केवल हॉट फ्लेशेज की समस्या को कम करता है बल्कि इस तरह का भोजन वजन को नियंत्रित रखने के साथ ही पाचन क्रिया को भी मजबूत बनाता है.

## फ्लैक्सीड (अलसी के बीज)

हॉट फ्लैशेज से बचने के लिए फ्लैक्सीड के साथ ही फ्लैक्सीड ऑयल को भोजन में शामिल करना बेहतर होगा. फ्लैक्सीड में महत्वपूर्ण तत्व जै से आइसो फ्ले वोनेस, फाइडोएस्ट्रोजेन्स आदि पाये जाते हैं जो महिलाओं के हार्मोन्स के फ्लक्चुएशन को रिस्टोर करते हैं जिससे यह हॉट फ्लेशेज और दूसरी समस्याओं के होने की संभावना को कम करता है.

फ्लैक्सीड से कई अन्य फायदे भी होते हैं जैसे इसके सेवन से वजन कम होता है. साथ ही, यह हृदय रोग और कैंसर होने से बचाता है. इसके बेहतर परिणाम के लिए इस सुपर फूड का 2/3 कप अपनी डाइट प्लान में शामिल करें. हालांकि सुरक्षित रहने के लिए इस खाद्य पदार्थ को अपने भोजन में शामिल करने से पहले डॉक्टर से सलाह भी ले सकती हैं.

## सोयाबीन

मीनोपॉज की उम्र में पहुंच चुकी महिलाओं को अपने भोजन में सोया शामिल करना बहुत जरूरी है. ऐसा इसलिए क्योंकि सोया में ऐसा तत्व पाया जाता है जो एस्ट्रोजन हार्मोन सरीखा काम करता है.

सोया खाने से आप हॉट फ्लेशेज और मीनोपॉज से जुड़ी अन्य समस्याओं से राहत पा सकती हैं. विशेषज्ञों के अनुसार, यदि प्रतिदिन के भोजन में 25 ग्राम सोया से भरपूर आहार शामिल किया जाए तो मीनोपॉजल लक्षण को कम किया जा सकता है. खासतौर से, हॉट फ्लेशेज तो तीस प्रतिशत तक कम हो सकता है.

## मछली/मीट/अंडे

जीवन के इस दौर में प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थ जैसे मछली, अंडे या मीट से भरपूर डाइट हार्मोन्स का संतुलन बनाए रखने में अत्यधिक मददगार साबित होते हैं. अगर आप वेजीटेरियन हैं तो प्लांट बेस्ड प्रोटीन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन कर सकती हैं. इनमें मेवे, दही और फलियां शामिल हैं.

# कियारा आडवाणी

## ने इंडस्ट्री में पूरा किया 10 साल शानदार सफर, बोलीं- सेलिब्रेशन तो बनता है...



10 साल पहले फिल्म फुगली को रिलीज किया गया था। इस मूवी को अक्षय कुमार और सलमान खान के टाइटल सॉन्ग और बॉक्सर विजेंद्र सिंह के लिए याद किया जाता है। लेकिन इस मूवी के जरिए एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने भी एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। डेब्यू फिल्म फुगली में अपनी शानदार अदाकारी से हर किसी का दिल जीतने वालीं कियारा ने अब इंडस्ट्री में 10 साल का सफर तय कर लिया है। इस खास का मौके का जश्न कियारा आडवाणी ने फैंस के साथ मनाया है और लेटेस्ट तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा किया है।

**कियारा ने मनाया 10 साल का जश्न**

शुक्रवार को कियारा आडवाणी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को





शेयर किया है। कियारा ने ये तस्वीरें हिंदी सिनेमा में उनके 10 साल के शानदार सफर के पूरा होने के उपलक्ष्य में साझा की हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं कि अपने फैंस के साथ एक्ट्रेस इस खास अवसर को सेलिब्रेट कर रही हैं।

पोस्ट में कियारा की एक से बढ़कर एक तस्वीर मौजूद है, जो वाकई देखने लायक हैं। करियर के इस अहम पड़ाव को पार करने की खुशी अदाकारा के चेहरे पर साफ झलक रही है। कियारा आडवाणी ने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है- 10 साल का सेलिब्रेशन तो बनता है। आलम ये है कि अब सोशल मीडिया पर उनकी इन फोटोज को काफी पसंद किया जा रहा है। बता दें कि अपने एक दशक के फिल्मी करियर में वह एम एस धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी, कबीर सिंह, गुड न्यूज और शेरशाह जैसी कई हिट मूवीज दे चुकी हैं।

**इन फिल्मों में दिखेंगी कियारा आडवाणी**

आने वाले समय में कियारा आडवाणी कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाली हैं। जिनमें रणवीर सिंह स्टारर डॉन 3 का नाम भी शामिल है। इसके अलावा साउथ सुपरस्टार राम चरण के साथ कियारा फिल्म गेम चेंजर में दिखाई देंगी, जोकि इसी साल रिलीज होगी।

# कंगना रनौत

## के घर बजने वाली है शहनाई, सगाई की तस्वीरें शेयर कर अभिनेत्री बोलीं- शादी की सबसे जल्दी...



कंगना रनौत के घर एक और खुशी दस्तक देने वाली है। हाल ही में अभिनेत्री हिमाचल प्रदेश के मंडी से सांसद बनी हैं। वहीं, अब उनके घर शादी की शहनाई बजने वाली है। अभिनेत्री ने खुद ये गुड न्यूज शेयर की है। इसके साथ ही कंगना रनौत ने सगाई की भी तस्वीरें शेयर की हैं। गना रनौत अपनी लगभग हर अपडेट सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ शेयर करती हैं। अब उन्होंने अपने घर में होने वाली शादी को लेकर जानकारी दी है।

**कंगना के घर बजेगी शहनाई**

कंगना रनौत हाल ही में एक फैमिली फंक्शन में शामिल हुईं। जहां से अभिनेत्री ने कई सारी फोटो भी शेयर की है। कंगना रनौत के छोटे भाई घोड़ी चढ़ने वाले हैं। हाल ही में उनकी सगाई हुई है। जहां अभिनेत्री भी शामिल हुईं। कंगना रनौत ने सगाई से कपल और अपनी फोटो इंस्टा स्टोरी में पोस्ट की है और इसके साथ ही मजेदार कैप्शन भी लिखा।

**कंगना शेयर की सगाई की तस्वीरें**

कंगना रनौत ने सगाई की लगभग चार फोटो पोस्ट की है। पहली तस्वीर रिंग सेरेमनी की है। इसके साथ कैप्शन में अभिनेत्री ने कहा, ले भाई तेरा भी हो गया काम, सबसे छोटा है, लेकिन शादी की सबसे जल्दी। वहीं, दूसरी फोटो कपल की शेयर की, जबकि तीसरी फोटो में कंगना खुद भी भाई और भाभी के बीच में बैठी हुई नजर आई। वहीं, तीसरे फोटो अभिनेत्री परिवार के साथ दिखाई दीं।

**कंगना का देसी लुक**

कंगना रनौत भाई की सगाई के लिए सिंपल, लेकिन खूबसूरत आउटफिट चुना। एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर का गोल्डन बॉर्डर वाला लंहगा सेट कैरी किया। मिनिमल मेकअप और बालों को जूड़ा बनाए कंगना रनौत बेहद प्यारी लगीं।

**कंगना का थप्पड़ कांड**

कंगना रनौत उन सेलिब्रिटीज में शामिल हैं, जो हमेशा चर्चा में बने रहते हैं। हाल ही में उन्होंने थप्पड़ कांड को लेकर खूब ध्यान खींचा था। लोकसभा चुनाव 2024 में अपनी जीत दर्ज करने के बाद कंगना संसद जाने के लिए चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पहुंची थीं, जहां से उन्हें दिल्ली के लिए फ्लाइट पकड़नी थी, लेकिन सिक्योरिटी चेकिंग के दौरान ष्द्बस्न कांस्टेबल कुलविंदर कौर ने उन्हें थप्पड़ मार दिया।

## ये खतरनाक होता जा रहा है... आलिया भट्ट का एक और डीपफेक वीडियो हुआ वायरल तो फैन्स को हुई फिक्र



मौजूदा समय में टेक्नोलॉजी की एडवांसमेंट और ढ्ढ का आगमन एक अलग ही रिवॉल्युशन लेकर आया है. ऐसे में इसके कई सारे अच्छे प्रयोग तो देखने को मिल रहे हैं साथ ही कई सारे साइड इफेक्ट्स भी सामने आ रहे हैं. इन्हीं में से एक बला है डीपफेक वीडियो. इससे पार पाना बेहद मुश्किल बन पड़ा है. खासकर कि लोगों के बीच पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले स्टार्स इसका सॉफ्ट टारगेट बने हैं. और आलिया भट्ट के साथ तो कुछ समय में ही ऐसा दूसरी बार हो गया है. उनका एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसे फैन्स डीपफेक बता रहे हैं और चिंता जता रहे हैं.हाल ही में वायरल हुए वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे एक्ट्रेस ब्लैक कलर के चिकन कुर्ते में हैं और कान में झुमके लगाती नजर आ रही हैं. उनका ये लुक तो बढ़िया लग रहा है लेकिन आलिया के फैन्स इस गफलत में नहीं आए. वे झट से समझ गए कि मामला डीपफेक है. इस डीपफेक वीडियो पर फैन्स के बहुत रिएक्शन भी आ रहे हैं और लोग आलिया भट्ट को लेकर कन्सर्न्ड नजर आ रहे हैं. एक शख्स ने कमेंट करते हुए लिखा-ढ्ढ तो आए दिन खतरनात होता जा रहा है. एक दूसरे शख्स ने लिखा- ये एआई जनरेटेड आलिया भट्ट है. एक अन्य शख्स ने तो हद ही कर दी. उसने लिखा- ये तो आलिया भट्ट जैसी दिख रही है. इसके अलावा जो लोग इसे ढ्ढ जनरेटेड वीडियो नहीं समझ पा रहे हैं वे आलिया की तारीफ करते नजर आ रहे हैं.

**इससे पहले भी हुआ ऐसा**

आलिया के साथ ये पहला मौका नहीं है जब उनका डीपफेक वीडियो सामने आया हो. एक्ट्रेस का एक और वीडियो कुछ समय पहले आया था जो ए आई जनरेटेड था. इस वीडियो में उनका चेहरा जुबली वेब सीरीज की एक्ट्रेस वामिका गब्बी से मॉर्फ्ड किया गया था. रेड साड़ी में वामिका की एक फोटो थी जिसमें आलिया का चेहरा लगाया गया था. इसपर भी फैन्स ने नाराजगी जताई थी और चिंता व्यक्त की थी. फिलहाल इस वीडियो पर अभी तक आलिया की ओर से कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आई है.

## 'गुम है किसी के प्यार में' को लगा झटका, टॉप 10 में शामिल हुआ विक्की-अंकिता का शो



ब्नम्ष्ट के 23 वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट में हमेशा की तरह कई टीवी शो डिस्टिंक्शन के साथ पास हुए हैं. लेकिन हाल ही में कलर्स टीवी पर लॉन्च हुए 'लाफ्टर शेफ' ने ये साबित कर दिया है कि रियलिटी शो भी सास-बहू ड्रामा को कड़ी टक्कर दे सकते हैं. 'लाफ्टर शेफ' को हरपाल सिंह खोकी और भारती सिंह होस्ट कर रहे हैं. अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-अर्जुन बिजलानी से लेकर राहुल वैद्य-अली गोनी तक ये तमाम सेलिब्रिटी जोड़ियां इस कुकिंग रियलिटी शो में बतौर कंटेस्टेंट शामिल हुई हैं.कुकिंग में कॉमेडी का तड़का लगाने वाले 'लाफ्टर शेफ' ने पहले ही हफ्ते 1.4 की रेटिंग के साथ सीधे टॉप 10 में एंट्री की है. फिलहाल ये शो टीआरपी के रिपोर्ट कार्ड पर आठवें स्थान पर है. और हमेशा की तरह रुपाली



गांगुली का 'अनुपमा' 2.3 की रेटिंग के साथ नंबर वन पर बना हुआ है. सीरियल में चल रहे शादी के सेलिब्रेशन के बाद भी न तो राजन शाही के इस शो की टीआरपी बढ़ रही है, न ही कम हो रही है. हालांकि ये हफ्ता राजन शाही के लिए एक खुशखबरी लेकर आया है. उनके दोनों शो टीआरपी चार्ट पर टॉप 2 शो बन गए हैं.

**'गुम है किसी के प्यारज' को लगा झटका**

2.1 की रेटिंग के साथ 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' ने 23वें हफ्ते के टीआरपी चार्ट पर सीधे दूसरे नंबर पर छलांग लगा दी है. ङ्मक्राद्ध॥ के दूसरे नंबर पर आने की वजह से स्टार प्लस का 'गुम है किसी के प्यार में' अब तीसरे नंबर पर आ चुका है. यानी इस शो में आने वाले 20 साल के लीप की बात दर्शकों को खास पसंद नहीं आई. और इसलिए एक्टर्स के साथ-साथ दर्शक भी स्टार प्लस के इस मशहूर शो का साथ छोड़ते हुए नजर आ रहे हैं. फिलहाल 'गुम है किसी के प्यार में' की टीआरपी 2 है. हमेशा की तरह 1.9 के साथ 'झनक' चौथे और 1.7 के साथ 'उड़ने की आशा' 5वें स्थान पर बने हुए हैं.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक अनिल कुमार जम्वाल द्वारा ग्राम शाहल, डाकघर भौंट, तहसील व जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित एवं सिग्मा प्रिंटर, ब्लॉक नं.6, शॉप नं. 170, एसडीए कॉम्पलेक्स, कसुम्पटी, शिमला-171009 से मुद्रित।
संपादक: अनिल कुमार जम्वाल। हिमालयन अपडेट से संबंधित सभी मामलों का निपटारा न्यायिक अधिकार क्षेत्र शिमला में ही होगा। फोन नं. 7018631199। email: himalayanupdate@gmail.com